**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20बजे**

**शहीदी दिवस**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर आज राष्ट्र उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को शहीदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी ने देश में नई चेतना का जागरण किया और उनके आदर्श और सिद्धांत सदियों तक प्रासंगिक रहेंगे।

इस बीच आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**जगत सिंह**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा की आंतरिक बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को साडा क्षेत्र के अंतर्गत आ रही विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने साडा क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने व अधोसंरचना विकास कार्यो को समयवद्ध पूरा करने के निर्देश दिए ताकि साडा क्षेत्र में विकास को गति मिल सके। बैठक में मल निकासी, कचरा प्रबंधन और सड़क सुगमता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**जुकारू उत्सव**

चम्बा जिला की जनजातीय पांगी घाटी का प्रसिद्ध जुकारू उत्सव कल से आरम्भ हो गया जो आपसी भाईचारे व आस्था का प्रतीक है। जुकारू उत्सव पांगी में मौनी अमावस्या को मनाया जाता है।

इस बीच भरमौर पांगी के विधायक डॉक्टर जनकराज, पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दयाराम ने पंगवाल समुदाय को जुकारू उत्सव की शुभकामनाएं दी हैं।

**आईस हॉकी**

प्रदेश की आइस हॉकी महिला और पुरुष टीमों ने लेह में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 23 से 27 जनवरी तक आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल प्रदेश की टीम ने चौथी बार भाग लिया। खिलाड़ियों ने शिमला में पत्रकारों से

पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार उनका प्रदर्शन पहले से बेहतर रहा है लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण वे ज्यादा अभ्यास नहीं कर पाते हैं।

हिमाचल प्रदेश आइस हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय डोगरा और महासचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि प्रदेश की महिला व पुरुष आइस हॉकी टीमों का प्रदर्शन खेलो इंडिया विंटर गेम्स में शानदार रहा और आने वाले दिनों में देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय आइस हॉकी खेलो प्रतियोगिता में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। व्यापारियों को फिरौतियों और धमकियों के मामले पर **पंजाब केसरी का शीर्षक है** पुलिस एस.आई.टी. की चार जगह रेड, एक आरोपी के घर से मिला कैश और अफीम।

**दैनिक जागरण की सुर्खी है** सेब बांटने के मामले की जांच शुरू, बाल्दी की बढ़ सकती है मुश्किलें। **अमर उजाला की खबर है,** सैनवाला की गौशाला में एक महीने में 22 गौवंश की मौत, कम चारा व ठण्ड बताया जा रहा है कारण, बिना पोस्टमॉर्टम दफनाएं।

**दिव्य हिमाचल के शब्द हैं** हिमाचल में और आई.ए.एस. – आई.पी.एस. नहीं चाहिए। **हिमाचल दस्तक ने इसी खबर को सुर्खी दी है–** शांता कुमार जो नहीं कर पाए सुक्खू सरकार ने कर दिखया।

मौसम पर **दैनिक भास्कर का शीर्षक है,** डब्लयू. डी. के दस्तक देते ही तापमान 6 डिग्री गिरा, अगले 6 दिन बर्फबारी और बारिश के असार।

––––––––––––––––––––